हरियाणा पुलिस और एचएसएनसीबी अत्याधुनिक अनूठी पहल हैकाथॉन की घोषणा

चर्चा में क्यों?

16 दिसंबर 2023 को हरियाणा पुलिस और हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एचएसएनसीबी) ने संयुक्त तत्वावधान में एक अनूठी पहल हैकथॉन शुरू किया है।

प्रमुख बिंदु

- इस हैकथॉन का उद्देश्य युवाओं को नशीली दवाओं एवं पदार्थों का सेवन करने से रोकना और उन्हें अपराध न करने के लिये प्रेरित करना है।
- हैकथॉन के तहत 14 जनवरी 2024 को पंचकूला में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।
- इस हैकथॉन के माध्यम से समाज का दृष्टकोण बदलने के साथ ही ब्लॉकचेन, वेब 3, गेमीफिकेशन आदि तरीकों से पारंपरिक जागरूकता लाया जाएगा।
- इस हैकथॉन का लक्ष्य डिजिटल अनुभवों को तैयार करना है, जो नशीली दवाओं के दुरुपयोग के हानिकारक प्रभावों के बारे में जुड़ाव, समझ और जागरूकता को बढ़ावा देते हैं।
- हरियाणा पुलिस के महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने बताया कि हैकथॉन के माध्यम से युवाओं में उन विचारों को बढ़ावा देना है, जो कानून और व्यवस्था बनाए रखने, सामाजिक जिम्मेदारी को बढ़ावा देने और सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने को प्रेरित करता हो।

//



PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/haryana-police-and-hsncb-announce-ultra-modern-innovative-initiative-hackathon